वर्ष- 3 , अंक- 186
छपरा
10 जून बुधवार
2026
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

## : ब्रीफ बॉक्स :

### मणिपुर गांवों में सुरक्षा बलों की एंट्री पर नई शर्त

### विलेज अथॉरिटी को पहले खबर देनी होगी; नगा गांव में हमले के बाद बढ़ा तनाव



**इम्फाल,एजेंसी।** मणिपुर में 3 साल से जातीय हिंसा चल रही है। राज्य में पूरी तरह शांति नहीं है। सोमवार को कांगपोकपी जिले के पोंग्रिंगलॉन्ग रोंग्मेई नगा गांव में कुकी उग्रवादी संगठन ने गोलीबारी की। इस घटना के बाद लापता चुन्जांग्लुंग पान्मेई नाम के नगा विलेज गार्ड का शव जंगलों से मिला है। उसके सिर पर गोली मारी गई थी।

नगा समूहों का आरोप है कि केंद्र कुकी समूहों का इस्तेमाल शैडो वॉर (छाया युद्ध) के तौर पर कर रहा है। इसके अलावा चिंग मामांग गांव में अज्ञात हथियारबंद लोगों ने गोलीबारी की, जिसमें एक घायल हुआ है। नगा संगठनों ने सुरक्षा बलों पर पक्षपात का आरोप लगाया है। साथ ही निष्पक्ष जांच की मांग की है।

इस बीच, नोने जिले के लोंग्जांग/ठंगाल गांव की विलेज अथॉरिटी ने राज्य पुलिस, असम राइफल्स, सीआरपीएफ को नोटिस दिया है। इसमें कहा है कि सूचना दिए बिना वे गांवों में नहीं आएं।

### अमेरिकी सेना का हेलिकॉप्टर होर्मुज के पास क्रैश

### ईरानी बोट्स को उड़ाने के लिए तैनात था, ट्रम्प बोले- दोनों पायलट सेफ



**तेहरान/ वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिकी सेना का एक अपाचे हेलिकॉप्टर सोमवार को होर्मुज स्ट्रेट के पास क्रैश हो गया। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, हेलिकॉप्टर में सवार दोनों पायलट मेंबर्स को सुरक्षित बचा लिया गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने न्यूयॉर्क में पत्रकारों से बातचीत के दौरान घटना की पुष्टि की। ट्रम्प ने कहा है कि हेलिकॉप्टर में सवार दोनों पायलट सुरक्षित हैं। किसी को चोट नहीं आई है। फिलहाल यह साफ नहीं है कि हेलिकॉप्टर तकनीकी खराबी के कारण गिरा या किसी हमले का शिकार हुआ। अमेरिकी सैन्य अधिकारियों ने मामले की जांच शुरू कर दी है। इस मामले पर कल रिपोर्ट जारी की जाएगी।

अमेरिकी सेना होर्मुज स्ट्रेट में अपाचे हेलिकॉप्टरों, रूक्ट-9 रीपर ड्रोन, F/A-18 और F-35 लड़ाकू विमानों की मदद से सुरक्षा अभियान चला रही है।रिपोर्ट के मुतबाकि, अपाचे हेलिकॉप्टरों का इस्तेमाल छोटे हथियारबंद बोट्स और ड्रोन से होने वाले संभावित खतरों को रोकने के लिए किया जाता है।



# जयपुर में पटाखा फैक्ट्री में आग, 4 की मौत

**● 5 लोग 90% तक झुलसे, अस्पताल में भर्ती ● रिहायशी इलाके में चल रही थी फैक्ट्री**

**जयपुर,एजेंसी।** जयपुर के खोह नागोरियान इलाके में स्थित पटाखा फैक्ट्री में मंगलवार सुबह 11 बजे भीषण आग लग गई। अग्निकांड में चार लोगों की मौत हो गई और 5 मजदूर झुलस गए। मरने वालों की अभी पहचान नहीं हुई है। झुलसे आजीम खान, नासीर खान, समीर खान, बिलाल, अब्दुल वाहिद को एसएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल सूत्रों के अनुसार अधिकांश लोग 90 प्रतिशत तक



झुलसे हुए हैं।

जयपुर कलेक्टर संदेश नायक ने बताया- पटाखा फैक्ट्री खोह नागोरियान में आयशा नगर तलाई क्षेत्र आईटीआई कॉलेज के पास है। कोई ज्वलनशील पदार्थ होने के कारण आग लगी है।

**लोग बोले- तीन-चार लोगों को बाहर निकाला, एक बच्चा तड़प रहा था:** स्थानीय निवासी मोहम्मद जिया उल हक ने बताया कि फैक्ट्री से डेढ़ सौ मीटर की दूरी पर मेरा घर है। घर से आग की लपटें उठती दिख रही थी। पटाखे फटने की आवाज आ रही थी। आस-पड़ोस के लोग पहुंचे तो पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश की। पानी का टैंकर भी बुलाया। तीन-चार लोगों को बाहर निकाला। एक बच्चा तड़प रहा था। एक व्यक्ति ने झुलसते हुए मौके पर ही दम तोड़ दिया।

**कलेक्टर बोले- जांच की जा रही...** जयपुर कलेक्टर संदेश नायक ने बताया कि हादसे में 5 जने गंभीर झुलसे हैं, जिन्हें SMS हॉस्पिटल ले जाया गया है। डेथ को लेकर बाद में कंफर्म कर पाऊंगा। कोई ज्वलनशील होने के कारण आग लगी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच की जा रही है।

# कोर्ट ने खान सर की गिरफ्तारी पर लगाई रोक

### » वकील बोले- गार्ड्स एजेंसी के थे, गोली खान सर ने नहीं चलाई दबाव में एफआईआर हुई

**पटना,एजेंसी।** फायरिंग मामले में खान सर की अग्रिम जमानत याचिका पर मंगलवार को पटना सिविल कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने खान सर की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। पुलिस से केस डायरी की भी मांग की है।

कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि अगले आदेश या अगली सुनवाई तक संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कोई कठोर या दबावपूर्ण कार्रवाई न की जाए। खान सर की तरफ से पेश हुए वकील अरविंद कुमार महुआर ने कोर्ट से कहा कि गोली आत्मरक्षा में चलाई गई। किसी तरह से भय फैलाना मकसद नहीं था।



खान सर के वकील ने बताया कि खान सर की अग्रिम जमानत याचिका पर 20 जून को सुनवाई होगी। सोमवार को खान ग्लोबल स्टडीज के डायरेक्टर खान सर की ओर से पटना के जिला एवं सत्र कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की गई। खान सर पर हत्या की कोशिश और हथियारों के अवैध इस्तेमाल मामला दर्ज है।

इधर, खान सर की कोचिंग पर हमला मामले में जेल में बंद ज्ञान बिंदु कोचिंग के डायरेक्टर रौशन आनंद की जमानत पर भी आज फैसला आ सकता है।

अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद पुलिस से मामले में सबूत मांगे। दोनों सुरक्षा गार्डों की जमानत याचिका पर भी आज फैसला आ सकता है।

**जेल में बंद सिक्योरिटी गार्ड मामले में कोर्ट ने सबूत मांगे...** सोमवार को इसी मामले में जेल में बंद खान सर के दो सिक्योरिटी गार्ड दीपक कुमार और तालेबर सिंह की जमानत पर भी सुनवाई हुई। उनके वकील अरविंद मउआर ने जज अनुराग वर्मा की अदालत में दलीलें पेश कीं।

**मानसून 5 दिन में 13 राज्यों में पहुंचा**

# एमपी-यूपी में आंधी-बारिश, केरलम-कर्नाटक में रेड अलर्ट; राजस्थान में हीटवेव की चेतावनी

**भोपाल/लखनऊ/जयपुर/पटना,एजेंसी।** देश में दक्षिण-पश्चिम मानसून तेजी से आगे बढ़ रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक, मानसून 5 दिन में 13 राज्यों तक पहुंच गया। इसने सोमवार को तेलंगाना में एंट्री ली। मानसून पश्चिमी तट पर अब मुंबई से 150 किमी दूर है। अगले 48 घंटे में यह मुंबई में दस्तक दे सकता है। मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों में प्री मानसून बारिश हो रही है।

मध्य प्रदेश के भोपाल में सोमवार को बारिश हुई। यूपी के गोरखपुर और जालौन में भी तेज बारिश हुई। राजस्थान के कुछ हिस्सों में 60 से 120किमी. की रफ्तार से हवा चली।

इधर, राजस्थान के पश्चिमी जिलों में हीटवेव का




अलर्ट है। सोमवार को श्रीगंगानगर 45.6डिग्रीतापमान रहा। फलोदी में 44.8डिग्री, जैसलमेर और बीकानेर में 44.4डिग्री तापमान दर्ज किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक मंगलवार को 15 राज्यों में बारिश का अलर्ट है। पूरे केरलम और कर्नाटक के 2 जिलों में भारी बारिश का रेड अलर्ट है।

# प्रति व्यक्ति सुरक्षा खर्च 1प्रतिशत बढ़ा तो क्राइम 0.36प्रतिशत घटा

### » एसबीआई की 28 राज्यों पर स्टडी, जहां सीसीटीवी ज्यादा, वहां अपराध कम

**नई दिल्ली,एजेंसी।** देश की अर्थव्यवस्था और अपराध में गहरा रिश्ता है। अपराध में महज 1% की कमी से अल्पकाल में वास्तविक जीडीपी (विकास दर) 0.11% और दीर्घकाल में 0.133% तक बढ़ जाती है। एसबीआई रिसर्च ने देश के 28 राज्यों की स्टडी के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला है।

जब सरकार प्रति व्यक्ति के हिसाब से अपने सुरक्षा खर्च में 1% की बढ़ोतरी करती है, तो उस राज्य में अपराध दर लगभग 0.36% घट जाती है। मतलब ये है कि सुरक्षा पर जितना ज्यादा खर्च होगा, जुर्म उतना ही कम होगा।



**पिछले वर्ष की तुलना में अपराध 6.0% कम...** 2024 में देश में कुल 58.86 लाख संज्ञेय (हत्या, दुष्कर्म आदि) अपराध दर्ज हुए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 6.0% कम हैं। अखिल भारतीय अपराध दर प्रति लाख आबादी पर वर्ष 2023 के 448.3 से गिरकर 2024 में 418.9 हो गई है। राज्यों में केरल में प्रति लाख आबादी पर सबसे अधिक 1,389 संज्ञेय अपराध दर्ज किए गए।



# बॉम्बे हाईकोर्ट के रिटायर जज का दावा

**पूरा परिवार खतरे मेंः लंदन में बेटी पर हमला हुआ**

### » दाउदी बोहरा उत्तराधिकार केस में फैसला देने से जुड़ा है मामला

**मुंबई,एजेंसी।** बॉम्बे हाईकोर्ट के पूर्व जज जस्टिस गौतम पटेल का दावा है कि उन्हें और उनके परिवार को पिछले करीब 10 महीनों से धमकियां मिल रही हैं। पूर्व जज का दावा है कि यह घटनाएं 2024 में दाऊदी बोहरा समुदाय के उत्तराधिकार विवाद पर दिए गए उनके फैसले से जुड़ी हैं।

जज से मांग की जा रही है कि वे एक वीडियो रिकॉर्ड करके अपना फैसला वापस लें और दावा करें कि उन्हें यह ऐसा करने के लिए मजबूर किया गया।

बार एंड बेंच और इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, जस्टिस पटेल ने अगस्त 2024 में दाऊदी बोहरा समुदाय के उत्तराधिकार विवाद पर फैसला सुनाया था।

उन्होंने सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन को दाऊदी बोहरा समुदाय का वैध 53वां दाई-अल-मुतलक घोषित किया था। यह विवाद उनके सौतेले भाई खुजैमा कुतुबुद्दीन और बाद में उनके बेटे ताहिर फखरुद्दीन की ओर से दायर दावों से जुड़ा था। फैसला आने के कुछ समय बाद से ही जस्टिस पटेल और उनके परिवार को धमकी भरे संदेश मिलने शुरू हो गए थे। सितंबर 2025 में एक लेटर भेजकर उनसे फैसले को वापस लेने और सार्वजनिक रूप से उसे गलत बताने की मांग की गई थी।

रिटायर जस्टिस के मुताबिक 5 जून को उनकी बेटी अदिति पटेल को फिर से एक गुमनाम पत्र मिला।

**बेटी पर लंदन में 2 महीने पहले हमला, अब लेटर मिला...** जस्टिस पटेल की बेटी अदिति पर 22 अप्रैल 2026 को लंदन में हमला किया गया। वह अपने बच्चे को स्कूल छोड़कर लौट रही थीं, तभी एक अज्ञात व्यक्ति ने पीछे से उन पर हमला कर दिया। इस हमले में उनकी नाक की हड्डी टूट गई। यूके पुलिस इस मामले की जांच कर रही है और पहले मिली धमकियों से जुड़े कनेक्शन की भी पड़ताल कर रही है।

# रामभद्राचार्य बोलेः आशुतोष महाराज का आपराधिक इतिहास जानकर कांप रहा

### आशुतोष ने कहा था- जगद्गुरु की हत्या हो सकती है, मेरे पास सबूत

**चित्रकूट,एजेंसी।** तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज के बयान पर पलटवार किया है। सोमवार को उन्होंने वीडियो जारी कर कहा- आशुतोष ब्रह्मचारी मेरी और मेरे उत्तराधिकारी की छवि खराब करना चाहता है। वह साजिश रच रहा है। मुझे उसका आपराधिक इतिहास जानकर डर लगने लगा है, मैं कांप रहा हूं। इससे पहले, आशुतोष महाराज ने सोमवार को फेसबुक पर वीडियो जारी कर कहा था कि अगर मेरे पूज्य गुरुदेव जगद्गुरु रामभद्राचार्य जी महाराज की हत्या होती है, तो उसकी जिम्मेदारी रामचंद्र दास की होगी, जो उनका उत्तराधिकारी बना बैठा है। वह मेरे गुरु की हत्या कराना चाहता है। मेरे पास इसके पर्याप्त सबूत हैं। आशुतोष महाराज वही हैं, जिन्होंने शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद पर 2 बटुकों से यौन शोषण का केस दर्ज कराया था। आशुतोष महाराज पर 21 केस दर्ज हैं।



**जगद्गुरु रामभद्राचार्य बोले- आशुतोष से डर लगने लगा है....**

जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने कहा कि आज मन को बहुत आघात लगा है। मैं देश-विदेश में कथा करता हूं। आचार्य धर्म निभाने का प्रयास करता हूं। आशुतोष ब्रह्मचारी के बयानों से मुझे आशंका हुई है कि कहीं कोई साजिश तो नहीं रची जा रही। यह उनकी और उनके उत्तराधिकारी की छवि नष्ट करने का प्रयास हो सकता है। मुझे आशुतोष से डर लगने लगा है।आशुतोष महाराज के शिष्य होने के दावे पर उन्होंने कहा कि मैं अनेक स्थानों पर कथा करने जाता हूं, संभव है कि कहीं आकर आशुतोष ने दीक्षा ले ली हो। मुझे यह पता नहीं था कि उसका मन ऐसा होगा। एक शिष्य द्वारा गुरु की हत्या की आशंका जताना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्हें, उनके पीठ को और उनके उत्तराधिकारी को खतरा बताया जा रहा है, जो गंभीर विषय है। उन्होंने कहा- इस तरह की घटना की निंदा होनी चाहिए। वह प्रशासन से भी जांच कराने को कहेंगे, जो संवैधानिक रूप से उचित होगा, वही किया जाए।

**कश्मीर से लद्दाख जाना हुआ आसान**

# 60 साल का सपना साकार, एशिया की सबसे लंबी जोजिला टनल ब्रेकथ्रू



**श्रीनगर,एजेंसी।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के साथ ज़ोजिला टनल पहुंचे, ताकि वहां चट्टान की आखिरी दीवार की प्रतीकात्मक खुदाई की जा सके। यह टनल एशियाई महाद्वीप में सबसे लंबी दो-तरफ़ा सड़क टनल है।

वहीं मौके पर मौजूदा लद्दाख सांसद मोहम्मद हनीफा जान ने कहा, 'पिछले 60-70 सालों का सपना अब पूरा होने जा रहा है। मैं लद्दाख की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह और नितिन गडकरी का धन्यवाद करता हूं। भाजपा सरकार आने के बाद ही इस सुरंग पर व्यावहारिक रूप से काम शुरू हुआ। नितिन गडकरी ने खुद इस परियोजना की निगरानी की। इसका पूरा श्रेय उनके गतिशील नेतृत्व को जाता है। आपको बता दें कि सामरिक दृष्टि से यह सुरंग बेहद अहम है। 1999 के युद्ध के दौरान सरकार और जनता ने यहां सुरंग की जरूरत को महसूस किया था। इस सुरंग से लद्दाख और कारगिल की आर्थिक तरक्की होगी। हर मौसम में खुली रहने वाली यह सड़क बुजुर्गों, छात्रों और मरीजों के लिए फायदेमंद साबित होगी। हमें गडकरी पर पूरा भरोसा है कि यह परियोजना एक साल के भीतर पूरी हो जाएगी। '

**प्रोजेक्ट का लगभग 80% काम हो चुका पूरा...** वहीं ज़ोजिला प्रोजेक्ट के लिए ICT AIAPL की ओर से अथॉरिटी इंजीनियर यूसुफ़ ने कहा, 'मैं ईरान से हूं। मुझे इस बात पर गर्व है। मुझे खुशी है कि प्रोजेक्ट का लगभग 80% काम पूरा हो चुका है। बाकी 20% को पूरी तरह से पूरा होने में शायद 2 साल और लग सकते हैं। फिर भी, टनल के लिए यह 'ब्रेकथ्रू' (सुरंग के दोनों सिरों का आपस में जुड़ना) एक बड़ी घटना है और हमें खुशी है कि मौजूदा सिस्टम के तहत हम इस प्रोजेक्ट को अच्छे से पूरा कर पाए हैं।

**भारत ने पहली बार 12 परमाणु बम तैनात किएः**

# हमारे एटमी हथियार 2 साल में 180 से बढ़कर 190 हुए; यह पाकिस्तान से 20 ज्यादा

**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारत ने पहली बार 12 परमाणु हथियार मोर्चे पर तैनात किए हैं। देश का परमाणु हथियारों का भंडार भी 180 से बढ़कर 190 हो गया है। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट की ताजा रिपोर्ट में यह बताया गया है।

रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि 2025 में भारत ने एक भी परमाणु हथियार तैनात नहीं किया था, लेकिन 2026 में 12 की तैनाती की है। पाकिस्तान के परमाणु हथियारों में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। उसके पास अभी 170 परमाणु हथियार हैं। उसके कितने हथियार तैनात हैं, यह स्पष्ट नहीं है। रूस-अमेरिका की तरह भारत अपने परमाणु हथियारों की सटीक संख्या, क्षमता और नाम आधिकारिक रूप से सार्वजनिक नहीं करता। SIPRI और दूसरी संस्थाएं केवल अनुमान के आधार पर रिपोर्ट जारी करती हैं।



**दुनिया के 9 देशों के पास कुल 12,187 परमाणु हथियारः** SIPRI इयरबुक 2026 के अनुसार दुनिया एक नए परमाणु प्रतियोगिता के दौर में पहुंच रही है। अमेरिका, रूस, चीन, भारत, पाकिस्तान समेत सभी परमाणु संपन्न देश अपने हथियारों और डिलीवरी सिस्टम को तेजी से अपग्रेड कर रहे हैं। 2026 की शुरुआत में दुनिया के 9 देशों अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस, चीन, भारत, पाकिस्तान, उत्तर कोरिया और इजराइल के पास कुल 12,187 परमाणु हथियार हैं। इसमें से 9,745 परमाणु हथियार सेना के भंडार गृह में हैं, जो इस्तेमाल के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

**भारत की कोशिश- चीन के आखिरी छोर तक पहुंचने वाले हथियार बनाएः** भारत लंबी दूरी के ऐसे हथियार बनाने पर फोकस बढ़ा रहा है, ताकि उनकी पहुंच चीन के आखिरी छोर तक हो सके। दरअसल, भारत एक साथ चीन और पाकिस्तान दोनों मोर्चों पर संतुलित रणनीतिक क्षमता बनाए रखने की कोशिश कर रहा है। 2020 की हिंसक गलवान झड़प के बाद भारत-चीन सीमा पर भारतीय सैन्य निगरानी भी बढ़ी है। भारत नए परमाणु डिलीवरी सिस्टम पर भी काम कर रहा है। इनमें सबसे अहम है MIRV तकनीक यानी मल्टीपल इंडिपेंडेन्टली टारगेटेबल रीएंट्री व्हीकल।

**समुद्र में भी बढ़ी परमाणु ताकत...** रिपोर्ट में भारत की समुद्री परमाणु क्षमता को भी बेहद महत्वपूर्ण बताया गया है। भारत की परमाणु पनडुब्बियां, खासकर INS अरिहंत, अब देश की 'सेकेंड स्ट्राइक कैपेसिटी' का बड़ा आधार बन रही हैं। SIPRI का अनुमान है कि भारत अब शांति काल में भी सीमित संख्या में परमाणु हथियारों को बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बियों पर तैनात करने लगा है। इससे दुश्मन के पहले हमले के बाद भी जवाबी कार्रवाई की क्षमता बनी रहती है।

# दो बार बदला ट्रांसफार्मर फिर भी नहीं आयी बिजली, एक सप्ताह से अंधेरे में तख्त टोला



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के तख्त टोला में बिजली विभाग की लापरवाही का खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। बीते एक सप्ताह से ट्रांसफार्मर जले होने के कारण पूरे टोले की बिजली आपूर्ति ठप है। हालात यह हैं कि भीषण गर्मी और उमस के बीच लोगों का घरों में रहना मुश्किल हो गया है। सबसे हैरानी की बात यह है कि बिजली विभाग ने एक सप्ताह के भीतर दो बार ट्रांसफार्मर बदलकर लगाया, लेकिन दोनों बार ट्रांसफार्मर चालू होने के लगभग एक घंटे के भीतर ही जल गया। इससे ग्रामीणों में विभाग के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है।स्थानीय निवासी ब्रह्मदेव मांझी ने बताया कि 5 जून को आए तेज आंधी-बारिश के बाद टोले को बिजली आपूर्ति करने वाला ट्रांसफार्मर जल गया था। इसके बाद ग्रामीण लगातार बिजली बहाल करने की मांग करते रहे। विभाग द्वारा दो बार नया ट्रांसफार्मर लगाया गया, लेकिन दोनों बार थोड़ी ही देर में वह भी जल गया। नतीजा यह हुआ कि एक सप्ताह बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो सका है। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली नहीं रहने से रात के समय घरों के भीतर रहना मुश्किल हो गया है। मजबूर होकर लोग अपने परिवार के साथ घरों के बाहर और दरवाजे पर सोने को विवश हैं। इसी मजबूरी का दुखद परिणाम उस समय सामने आया जब हाल ही में दरवाजे पर सो रहे लोगों को एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ने कुचल दिया, जिसमें सात लोग घायल हो गए। इनमें दो की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। ब्रह्मदेव मांझी का आरोप है कि यदि बिजली विभाग समय पर उचित क्षमता का ट्रांसफार्मर लगाकर बिजली आपूर्ति बहाल कर देता तो लोग घरों के बाहर सोने को मजबूर नहीं होते और ऐसी दर्दनाक घटना भी शायद नहीं होती। ग्रामीण सूरज राम ने बताया कि क्षेत्र में बिजली उपभोक्ताओं की संख्या लगातार बढ़ी है, लेकिन उसके अनुरूप क्षमता का ट्रांसफार्मर नहीं लगाया गया है। कम क्षमता वाले ट्रांसफार्मर पर अधिक लोड पड़ने के कारण वह बार-बार जल जा रहा है। उनका कहना है कि जब तक उच्च क्षमता का ट्रांसफार्मर नहीं लगाया जाएगा, तब तक समस्या का स्थायी समाधान संभव नहीं है। बिजली संकट के कारण टोले में भीषण गर्मी में पेयजल की समस्या भी गंभीर हो गई है। अधिकांश घरों में मोटर और पंप नहीं चल पा रहे हैं। बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, मोबाइल चार्ज करना भी चुनौती बन गया है और बुजुर्गों, महिलाओं तथा छोटे बच्चों को सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग के वरीय अधिकारियों से तत्काल हस्तक्षेप कर उच्च क्षमता का ट्रांसफार्मर लगाने, तकनीकी जांच कराने तथा स्थायी समाधान सुनिश्चित करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि भीषण गर्मी के इस दौर में एक सप्ताह से अंधेरे में रहना किसी बड़ी परीक्षा से कम नहीं है, लेकिन विभाग अब तक समस्या के मूल कारण को दूर करने में विफल साबित हुआ है।

## सिंगापुर से लौटे लालू प्रसाद यादव, राजद नेता सुधांशु रंजन ने किया स्वागत



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव रूटीन मेडिकल चेकअप के बाद सिंगापुर से नई दिल्ली लौट आए। दिल्ली पहुंचने के बाद अपनी पुत्री एवं राजद सांसद मिसा भारती के आवास पर पहुंचे, जहां पार्टी नेताओं और शुभचिंतकों ने उनका हालचाल जाना। इस अवसर पर राजद के वरीय नेता सह सारण स्थानीय निकाय से विधान परिषद के पूर्व प्रत्याशी सुधांशु रंजन ने उनसे मुलाकात कर उनका स्वागत किया तथा स्वास्थ्य संबंधी जानकारी लेने के बाद सुधांशु रंजन ने कहा कि लालू प्रसाद यादव के स्वस्थ होकर वापस लौटने से पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी का माहौल है। उन्होंने उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना भी की है। मुलाकात के दौरान संगठनात्मक गतिविधियों तथा बिहार की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर भी संक्षिप्त चर्चा के बाद राजद नेता सुधांशु रंजन ने कहा कि लालू प्रसाद यादव सामाजिक न्याय की राजनीति के प्रमुख स्तंभ हैं और उनके मार्गदर्शन से पार्टी को निरंतर मजबूती मिलती रही है। लालू प्रसाद यादव के दिल्ली लौटने की सूचना मिलते ही राजद कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा गया। समर्थकों ने उनके शीघ्र स्वस्थ रहने और सक्रिय राजनीतिक जीवन के लिए शुभकामनाएं व्यक्त कीं।

## संचार व्यवस्था बाधित करने के प्रयास पर पुलिस की कार्रवाईमोबाइल टावर पर चढ़ी युवती के मामले में प्राथमिकी दर्ज

**दैनिक खोज खबर/बनियापुर (सारण)।** बनियापुर थाना क्षेत्र के भिठ्ठी गांव स्थित एक मोबाइल संचार टावर पर युवती के चढ़ जाने के मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना सोमवार को उस समय हुई जब एक युवती निजी भूमि पर स्थापित मोबाइल टावर के प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रवेश कर टावर के ऊपरी हिस्से पर चढ़ गई, जिससे सुरक्षा और संचार व्यवस्था पर खतरा उत्पन्न हो गया। सूचना मिलते ही बनियापुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और प्रशासन की टीम ने करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद युवती को सुरक्षित नीचे उतार लिया। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि युवती किसी के बहकावे में आकर टावर पर चढ़ी थी। पुलिस ने बताया कि इस प्रकार की घटना से मोबाइल टावर की संरचना को नुकसान पहुंच सकता था, जिससे संचार सेवाएं बाधित होने के साथ-साथ संबंधित कंपनी को आर्थिक क्षति और आम लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ सकता था। वहीं युवती की जान पर भी गंभीर खतरा बना हुआ था। इस मामले में बनियापुर थाना कांड संख्या 488/26 दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा यदि किसी अन्य व्यक्ति की संलिप्तता सामने आती है तो उसके विरुद्ध भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सारण पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि किसी भी परिस्थिति में मोबाइल टावर, विद्युत प्रतिष्ठान, रेलवे संपत्ति, सरकारी भवन अथवा अन्य महत्वपूर्ण सार्वजनिक संरचनाओं पर न चढ़ें और न ही किसी को ऐसा करने के लिए प्रेरित करें। पुलिस ने कहा है कि किसी भी समस्या के समाधान के लिए वैधानिक एवं शांतिपूर्ण मार्ग अपनाएं तथा सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने संबंधी सूचना तत्काल स्थानीय थाना या पुलिस नियंत्रण कक्ष को दें।

## जागरूकता दिवस पर सोनपुर रेल मंडल द्वारा विभिन्न सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रमों का किया गया आयोजन

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** अंतर्राष्ट्रीय समपार फाटक जागरूकता दिवस के अवसर पर मंगलवार को सोनपुर रेल मंडल द्वारा विभिन्न सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत रेल मंडल के कलाकारों और स्काउट एवं गाइड के सदस्यों ने प्रमुख समपार फाटकों तथा सार्वजनिक स्थलों पर नुक्कड़ नाटक और जनसंपर्क के माध्यम से आमजन को रेल सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को समपार फाटकों पर सुरक्षित व्यवहार अपनाने और नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करना था। इस मौके पर मंडल रेल प्रबंधक अमित सरन और अपर मंडल रेल प्रबंधक सुमन कुमार तांती सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। नुक्कड़ नाटक के जरिए संदेश दिया गया कि बंद रेलवे ढाला को पार करना और ट्रैक पर अनधिकृत आवागमन जानलेवा हो सकता है। थोड़ी सी जल्दबाजी गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है। अभियान के दौरान अधिकारियों ने लोगों को बैनर, पोस्टर और पंपलेट बांटकर जागरूक किया तथा अपील की कि फाटक बंद होने पर धैर्य रखें और सुरक्षा निर्देशों का पूर्णतः पालन करें।

## दारू बेचने से मना करने पर मारपीट, एससी एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज

**दैनिक खोज खबर/पानापुर (सारण)।** थाना क्षेत्र के तुर्की गांव में रिहायशी क्षेत्र में दारू एवं ताड़ी बेचे जाने का विरोध करना गांव के युवकों को भारी पड़ गया. पहले तो शराब धंधेबाजों ने उनकी पिटाई की और बाद में एससी एसटी एक्ट के तहत नौ लोगों पर प्राथमिकी भी दर्ज करा दी.बताया जाता है कि तुर्की गांव में दारू एवं ताड़ी बेचे जाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ जो बाद में हिंसक हो गया. इस मारपीट में दोनों पक्षों के आधे दर्जन लोग घायल हो गये. इस मामले में दोनों पक्षों द्वारा स्थानीय थाने में एकदूसरे के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है. सुरेश राय की पत्नी शिला देवी द्वारा दर्ज प्राथमिकी के अनुसार घर के समीप दारू एवं ताड़ी बेचने से मना करने पर आरोपितों ने मारपीट की. उन्होंने महिलाओं को भी नहीं बक्शा.वही लालबहादुर नट की पत्नी रती देवी द्वारा दर्ज प्राथमिकी के अनुसार रास्ते के विवाद को लेकर गांव के युवकों ने मेरे 14 वर्षीय पुत्र दीपक कुमार को पीटकर घायल कर दिया. इस मामले में उसने गांव के नौ युवकों पर एससी एसटी एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज करायी है. मिली जानकारी के अनुसार एक पुजास्थल के रास्ते से ताड़ी लेकर जाने को लेकर हुए विवाद में मारपीट हुई. थानाध्यक्ष संजीत कुमार ने बताया कि दोनों तरफ से प्राप्त आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है।

## जुर्माना भी बेअसर, रसूलपुर स्थित भारत गैस एजेंसी में नहीं सुधरी गैस वितरण व्यवस्था

**एजेंसी कार्यालय से आठ किलोमीटर की दूरी पर होता है गैस वितरण, उपभोक्ताओं का हो रहा शोषण**




**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर (एकमा)।** रसूलपुर में गैस उपभोक्ताओं को भारत गैस एजेंसी की मनमानी का खामियाजा आज भी भुगतना पड़ रहा है. संबंधित ऑयल कंपनी द्वारा पूर्व में भारी जुर्माना लगाए जाने के बावजूद एजेंसी की व्यवस्था में सुधार होता नहीं दिखता है, पूर्व की तरफ अभी भी नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं. एजेंसी द्वारा होम डिलीवरी के नाम पर अतिरिक्त पैसे वसूल रहे हैं और उपभोक्ताओं को समय पर गैस भी आपूर्ति की जा रही हैं.

**महिला वेंडर कर रही होम डिलीवरी:** उपभोक्ताओं के अनुसार आनलाईन पेमेंट कंपनी ने लेना बंद कर दिया है और एजेंसी कर्मी मनमाने तरीके से एक महिला वेंडर से घर घर गैस डिलेवरी करा रहे हैं, जहां दो से तीन सौ रूपये अतिरिक्त वसूले जा रहे हैं. डिलेवरी वुमैन अनिता ने बताया कि रसूलपुर की भारत गैस एजेंसी में ज्यादा उपभोक्ता हैं इसलिए होम डिलीवरी बहुत से गांवों में नहीं हो पा रहा है इसलिए ज्यादा शिकायत मिलने पर एजेंसी मालिक के निर्देश पर वो सिलेंडर की सप्लाई करती हैं. चनचौरा पंचायत के माधोपुर गांव की उज्ज्वला गैस की एक उपभोक्ता बुटनी देवी ने बताया कि उनके घर गैस लाने के लिए कोई नहीं है. ऐसे में एजेंसी संचालक विनित कुमार ने कहा कि बाइक से आप का होम डिलीवरी है जो बुझाए वो देकर डिलिवरी करा लिजिएगा. महिला उपभोक्ता ने बताया कि 1200 रूपये पेमेंट करने देने पर ही डिलिवरी गैस की हुई और दो महीने बाद घर में गैस से खाना बन रहा।

उधर उज्ज्वला गैस उपभोक्ता यशवंती देवी ने बताया कि होम डिलीवरी के नाम पर एजेंसी कार्यालय ने उन्हें उनके गांव व कार्यालय से आठ किलोमीटर दूर मांझी प्रखंड के महुंई गांव भेज दिया और एक हजार चालीस रूपये में गैस डिलिवरी किया. गैस एजेंसी संचालक विनित सिंह ने कहा कि गैस का दाम बढ़ा है इसलिए एक हजार चालीस रूपये लिया जा रहा है. वहीं डोहर के बिनोद सिंह, सुरेन्द्र सिंह, अतरसन के सिकंदर सिंह आदि उपभोक्ताओं ने बताया कि ऑनलाइन बुकिंग के बावजूद कार्यालय पर पर्ची काटने के नाम पर दो सौ रूपए की वसूली की जाती है. इस संबंध में एकमा एमओ अंकित कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में है कोई पर्ची नहीं कटानी है उपभोक्ता ऑनलाइन बुकिंग करें गैस उनके घर तक जाएगा.अब देखना यह है कि प्रशासन इस बार सिर्फ जुर्माना लगाकर छोड़ देता है या गैस माफियाओं पर कोई ठोस और कड़ी कानूनी कार्रवाई होती है।

## जेसीबी की सहायता से सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया गया



**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** प्रखंड के चंदउपुर गांव में प्रशासन द्वारा मंगलवार को जेसीबी की सहायता से सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। मांझी अंचलाधिकारी सौरभ अभिषेक के नेतृत्व में तथा दाउदपुर थाना पुलिस की मौजूदगी में प्रशासन द्वारा गैरमजरूआ जमीन पर बने घरों को ध्वस्त कर अवैध कब्जे को हटाया गया। सीओ सौरभ अभिषेक ने बताया कि आधा दर्जन से अधिक लोगों ने तालाब के पास की गैरमजरूआ सरकारी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर रखा था। अतिक्रमण हटाने के लिए संबंधित लोगों को पूर्व में कई बार नोटिस देकर जमीन खाली करने का निर्देश दिया गया था। इसके बावजूद कब्जा नहीं हटाए जाने पर प्रशासन ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए जेसीबी चलाकर अतिक्रमण हटाया।उन्होंने कहा कि सरकारी भूमि आम जनता की संपत्ति है और उस पर किसी भी तरह का अवैध कब्जा स्वीकार नहीं किया जाएगा। लोगों से सरकारी जमीन पर अतिक्रमण नहीं करने की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## भू-स्वामियों ने 7-सूत्री मांगों को लेकर दिया धरना प्रदर्शन




**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** किसान सुरक्षा संघर्ष समिति, सोनपुर के बैनर तले मंगलवार को सैकड़ों किसानों एवं भू-स्वामियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर रेलवे स्टेशन सोनपुर से अनुमंडल कार्यालय तक पैदल विरोध मार्च निकाला। इसके बाद सोनपुर प्रखंड कार्यालय परिसर में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। धरना कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेश्वर महतो ने की, जबकि संचालन चंदेश्वर प्रसाद राय ने किया। प्रदर्शन में शामिल किसानों ने बिहार सरकार पर किसान विरोधी नीतियां अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार गरीबों और किसानों के अधिकारों की अनदेखी कर पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने का कार्य कर रही है। सभा को संबोधित करते हुए चंदेश्वर प्रसाद राय, पंकज परमार, भरत सिंह, रामाशंकर प्रसाद राय, अशोक राय, सुरेंद्र सौरभ, संजय यादव तथा जग्गू राय समेत अन्य वक्ताओं ने कहा कि सरकार की नीतियों से किसान और भू-स्वामी खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सोनपुर क्षेत्र के किसानों के हितों की उपेक्षा कर बड़े उद्योगपतियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। धरना के दौरान किसानों ने अपनी मांगों के समर्थन में जोरदार नारेबाजी की तथा प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रमुख रूप से सोनपुर सैटेलाइट टाउनशिप निर्माण योजना को रद्द करने, भूमि निबंधन पर लगाए गए प्रतिबंध को तत्काल हटाने, एयरपोर्ट की भूमि को व्यावसायिक भूमि घोषित करने, टोपोलैंड के नाम पर कथित सरकारी शोषण बंद करने एवं भू-स्वामियों को स्वामित्व अधिकार प्रदान करने, पी.आर. कॉलेज में शैक्षणिक एवं आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने तथा दीघा-सोनपुर सिक्स लेन पुल परियोजना के अंतर्गत नकटा दियारा से चित्ररचक के बीच पिलर संख्या 16 से 26 तक एप्रोच रोड पर रैंप निर्माण कराने की मांग शामिल है। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक पहल नहीं की गई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

## लेरुआं में अखंड अष्टयाम को लेकर निकाली गई भव्य कलश



**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** प्रखंड क्षेत्र के लेरुआं पाण्डेय टोला स्थित मंदिर परिसर में आयोजित होने वाले अखंड अष्टयाम को लेकर मंगलवार को एक भव्य कलश निकाली गई। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में स्थानीय महिला और पुरुष श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया। पारंपरिक वेशभूषा में सजे श्रद्धालुओं द्वारा भगवान के जयकारे लगाने से पूरा माहौल भक्तिमय रहा। कलश यात्रा मंदिर परिसर से शुरू होकर शिवगंज होते हुए ऐतिहासिक शिल्हौरी मंदिर परिसर पहुंची। वहां स्थित पवित्र सरोवर पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना कराई गई और श्रद्धालुओं के कलशों में पवित्र जल भरवाया गया। जल भरने के बाद सभी श्रद्धालु मुख्य मार्ग से होते हुए पुनः यज्ञ स्थल पर पहुंचे, जहां विधि-विधान के साथ कलश स्थापित किया गया। इसके साथ ही अखंड अष्टयाम महायज्ञ की शुरुआत हो गई। यात्रा के दौरान पूरे क्षेत्र में हरिनाम संकीर्तन और भक्ति गीतों की गूंज बनी रही। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि अष्टयाम के दौरान लगातार भजन-कीर्तन और धार्मिक कार्यक्रम चलेंगे। इस मौके पर पवन ओझा, संजय पाण्डेय, शुभम ओझा, मनीष तिवारी और सोनू तिवारी सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## मढ़ौरा में बिजली चोरी के खिलाफ एक महिला समेत दो पर प्राथमिकी दर्ज

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** उत्तर बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड की टीम ने मढ़ौरा के अलग-अलग गांवों में छापेमारी कर बिजली चोरी का खुलासा किया है। मढ़ौरा शहरी कनीय विद्युत अभियंता राजू कुमार सोनी के नेतृत्व में गठित विशेष दल ने गुप्त सूचना के आधार पर मढ़ौरा थाने क्षेत्र में दो अलग-अलग बिजली चोरी के मामले पकड़े है पहली कार्रवाई धेनुकी गांव के वार्ड नंबर-09 में भूषण सिंह के आवासीय परिसर में छापेमारी की गई। जांच में पाया गया कि आरोपी एलटी लाइन से सीधे टोंका फंसाकर बिजली चोरी कर रहा था, जिससे कंपनी को 22,640 रुपए राजस्व की क्षति हुई है। इस मामले में पुलिस ने केस नंबर 483/26 दर्ज किया है।



## मढ़ौरा में राजद का एकदिवसीय धरना, सरकार के खिलाफ की नारेबाजी



**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** राष्ट्रीय जनता दल बिहार प्रदेश के आह्वान पर मंगलवार को मढ़ौरा प्रखंड कार्यालय के प्रांगण में एक दिवसीय धरने का आयोजन किया गया। धरने में राजद कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लेकर केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शनकारियों ने मुख्य रूप से बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी, भ्रष्ट एवं चौपट विधि-व्यवस्था तथा व्यापक भ्रष्टाचार को लेकर सरकार की निंदा की। वक्ताओं ने कहा कि इन जनविरोधी नीतियों के कारण आम जनता का जीना बेहाल हो गया है। इस महत्वपूर्ण धरना कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड राजद अध्यक्ष उपेंद्र मांझी ने की, जबकि कार्यक्रम का संचालन विष्णु गुप्ता द्वारा किया गया।धरने में ललन प्रसाद राय, दिलीप ठाकुर, धनंजय राय, रविरंजन राय, जगरनाथ राय, शंभू महतो, सुवास राय, शशि आनंद लालू, राकेश सिंह समेत अन्य भी शामिल थे। सभी नेताओं ने एकजुट होकर जनता के हक के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

## महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की समस्याओं को लेकर राजद का एक दिवसीय धरना प्रदर्शन



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक प्रखंड कार्यालय परिसर में मंगलवार को राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकताओं ने एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। धरना कार्यक्रम में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, शिक्षा व्यवस्था की बदहाली, किसानों की समस्याओं और कानून-व्यवस्था के मुद्दों पर सरकार के खिलाफ मुखर होकर पार्टी कार्यकर्ताओं ने आवाज उठाई। मौके पर राजद नेता बिट्टू सिंह,राजद प्रखंड अध्यक्ष वरुण यादव, महेश्वर सिंह, पप्पू सिंह, शैलेश कुमार राय,शुभनारायण सिंह ,अशोक यादव समेत बड़ी संख्या में राजद कार्यकर्ता मौजूद रहें। धरना प्रदर्शन के दौरान? बीडीओ पंकज कुमार को ज्ञापन सौंपा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजद प्रखंड अध्यक्ष वरुण यादव ने की।

## महंगाई, भ्रष्टाचार एवं बेरोजगारी के खिलाफ राजद का धरना

**दैनिक खोज खबर/पानापुर (सारण)।** पार्टी के निर्देश पर मंगलवार को राजद कार्यकर्ताओं ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में धरना दिया . धरना के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने भ्रष्टाचार, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, बिगड़ती कानून व्यवस्था तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं के परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाओं के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की .राजद के वरिष्ठ नेता शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि राज्य में महंगाई चरम पर है, कानून व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक है और भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण नहीं हो पा रहा है . उन्होंने सरकार से युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने, महंगाई पर नियंत्रण करने, पेपर लीक की घटनाओं पर रोक लगाने तथा प्रशासनिक व्यवस्था को पारदर्शी बनाने की मांग की. बाद में अपनी मांगो से संबधित ज्ञापन सीओ अजय कुमार को सौंपा. धरना कार्यक्रम में प्रखंड अध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार यादव, बिगन महतो, संतोष कुमार सिंह सहित दर्जनों राजद कार्यकर्ता शामिल थे।

## अगलगी में तीन दुधारू गायों की मौत, अब किसान परिवार को आजीविका का संकट

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** थाना क्षेत्र की गोविंदचक पंचायत के रहीमपुर गांव में अचानक लगी आग से एक मवेशी शेड जलकर राख हो गया। इस हादसे में पीड़ित छोटे किसान बल्ली राय की तीन दुधारू गायों की झुलसकर मौके पर ही मौत हो गई। अगलगी में खटाल में रखा अनाज, चोकर और भूसा भी पूरी तरह नष्ट हो गया, जिससे किसान को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि पशुपालन ही इस परिवार की आजीविका का मुख्य सहारा था। घटना की सूचना मिलते ही सरपंच मुकेश राम और राजस्व कर्मी उपेंद्र कुमार ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। वहीं प्रशासनिक और पशुपालन विभाग की टीम ने भी मृत पशुओं की जांच की। पीड़ित परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए ग्रामीणों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने सरकार से पीड़ित किसान को अविलंब उचित मुआवजा और आर्थिक सहायता देने की मांग की है।

## महंगाई, बेरोजगारी व भ्रष्टाचार के विरुद्ध राजद का एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

**दैनिक खोज खबर/मकेर(सारण)।** मंगलवार को राजद का एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया है जिसमें सरकार की गलत नीतियों के विरुद्ध प्रखंड कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया गया । राजद के जिला अध्यक्ष सुनील कुमार राय के नेतृत्व में एक धरना एवम प्रदर्शन किया गया जिसमें सरकार की गलत नीतियों के कारण राज्य में बेरोजगारी,भय,र्भ्ष्टाचार व महंगाई अपनी चरम सीमा पर पहुंच गयी है। युवाओ का पलायन हो रहा है,गरीबी बढ़ रही है भ्रष्टाचार अपनी सीमा पर है।आम जनता की कोई सुनता नही है ।गरीब महंगाई की चक्की में पीस रही है ।

## आपसी रंजिश में दो तालाबों में कथित तौर पर जहर डाल दिए जाने से लाखों रुपये की मछलियां मरी

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** आपसी रंजिश के कारण दो तालाबों में कथित तौर पर जहर डाल दिए जाने से लाखों रुपये की मछलियों की मौत का मामला सामने आया है। घटना प्रखंड क्षेत्र के पोझी चंवर की है, जहां मंगलवार की सुबह तालाब के पानी पर भारी मात्रा में मरी हुई मछलियां उपलाते पाई गई। पीड़ित मछली पालक भलुई निवासी अखिलेश राय की पत्नी ललिता देवी हैं। उन्होंने बताया कि मत्स्य विभाग के सहयोग से पोझी चंवर में उनके सात तालाबों में मछली पालन का कारोबार चलता है। उनका आरोप है कि सोमवार की रात गांव के ही कुछ लोगों ने आपसी दुश्मनी के चलते उनके दो तालाबों में जहरीला पदार्थ डाल दिया। इस घटना में लगभग 30 लाख रुपये की तैयार मछलियां मर गई हैं। पीड़िता ने गांव के ही रामशरण राय सहित सात लोगों पर इस साजिश का आरोप लगाया है।

# महंगाई, बेरोजगारी व किसानों की समस्याओं को लेकर राजद कार्यकर्ताओं ने दिया एकदिवसीय धरना



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** राष्ट्रीय जनता दल के आह्वान पर मंगलवार को सोनपुर प्रखंड कार्यालय परिसर में एकदिवसीय धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया गया। बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, बदहाल शिक्षा-स्वास्थ्य और बिगड़ती कानून-व्यवस्था के विरोध में आयोजित इस कार्यक्रम का नेतृत्व पूर्व विधायक डॉ. रामानुज प्रसाद ने किया। धरने की अध्यक्षता राजद प्रखंड अध्यक्ष बैजनाथ महतो ने की। धरने को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक डॉ. रामानुज प्रसाद ने केंद्र और राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार होने के बाद भी डीजल, पेट्रोल, रसोई गैस और रोजमर्रा की चीजों के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग बेहाल है। चुनाव में युवाओं से किए गए रोजगार के वादे खोखले साबित हुए हैं, जिससे आज भी युवा पलायन को मजबूर हैं। डॉ. प्रसाद ने आरोप लगाया कि सरकारी दफ्तरों में बिना रिश्वत के कोई काम नहीं हो रहा है।

राज्य की शराबबंदी नीति पूरी तरह फेल हो चुकी है और अवैध शराब की होम डिलीवरी हो रही है। उन्होंने सोनपुर की समस्याओं को उठाते हुए कहा कि टोपोलैंड और ग्रीन सिटी के नाम पर जमीन की रजिस्ट्री रुकी हुई है। जिन किसानों की जमीनें अधिग्रहित की गई, वे आज मजदूरी करने पर मजबूर हैं। इसके अलावा बिना जांच के गरीबों के नाम राशन कार्ड से काटे जा रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में अपनी मांगों के समर्थन में राजद कार्यकर्ताओं ने सोनपुर प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर मनोज कुमार यादव, राजकुमार राय, रमाशंकर यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय मयूख ने हरिहरनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय मयूख ने विधान परिषद चुनाव के नामांकन की स्क्रूटनी से पहले अपनी पत्नी के साथ विश्व प्रसिद्ध हरिहरनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने बाबा हरिहरनाथ का आशीर्वाद लेकर बिहार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मंदिर के मुख्य पुजारी सुशील चंद्र शास्त्री, बमबम बाबा,



सदानंद बाबा और राहुल बाबा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ इस विशेष पूजा को संपन्न कराया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य राकेश कुमार सिंह ने संजय मयूख को अंगवस्त्र और मंदिर का प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। राकेश सिंह ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि संजय मयूख एक संवेदनशील व्यक्ति हैं, जो सदैव जनहित और संगठन के कार्यों में समर्पित रहते हैं। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता मिथलेश सिंह, पपलू सिंह, मंडल अध्यक्ष बबलू सिंह, पप्पू सिंह दरिहरा, अर्जुन सिंह और मंडल अध्यक्ष मोनू सिंह सहित कई स्थानीय नेता व श्रद्धालु उपस्थित थे।

# महंगाई, बेरोजगारी व भ्रष्टाचार के खिलाफ राजद का धरना प्रदर्शन



**दैनिक खोज खबर/दरियापुर (सारण)।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रखंड दरियापुर के तत्वावधान में सोमवार को प्रखंड मुख्यालय परिसर में एक दिवसीय धरना कार्यक्रम आयोजित किया गया। धरना कार्यक्रम में बड़ी संख्या में राजद कार्यकर्ताओं एवं नेताओं ने भाग लेकर महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, बढ़ते अपराध तथा शिक्षा व्यवस्था सहित विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद की। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष कमलेश राय ने की। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि आम जनता महंगाई और बेरोजगारी से त्रस्त है, जबकि सरकार जनहित के मुद्दों पर गंभीर नहीं दिख रही है। नेताओं ने कहा कि किसानों, युवाओं, छात्रों एवं गरीब तबके की समस्याओं के समाधान के लिए सरकार को ठोस कदम उठाने चाहिए। धरना के दौरान कार्यकर्ताओं ने विभिन्न मांगों के समर्थन में नारेबाजी की तथा जनहित से जुड़े मुद्दों पर प्रशासन एवं सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया। वक्ताओं ने कहा कि यदि जनता की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

धरना कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। अंत में राज्यपाल के नाम संबोधित मांग पत्र प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपा गया। इस अवसर पर पार्टी के प्रखंड एवं पंचायत स्तर के अनेक पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## तीन दिवसीय संस्कार समर कैम्प का हुआ भव्य समापन

### बच्चों में नैतिक मूल्यों और आध्यात्मिक चेतना का हुआ विकास



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, छपरा सेवा केंद्र द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास और नैतिक मूल्यों के संवर्धन के लिए आयोजित तीन दिवसीय संस्कार समर कैम्प का सोमवार को भव्य समापन हो गया। इस समापन समारोह में लगभग 60 बच्चों और उनके अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक ध्यान एवं प्रार्थना से हुई, जिससे पूरा माहौल आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। इस अवसर पर सेवा केंद्र की संचालिका बीके अनामिका दीदी ने बच्चों को आशीर्वचन देते हुए कहा कि वर्तमान समय में बच्चों के संपूर्ण व्यक्तित्व निर्माण के लिए केवल शैक्षणिक ज्ञान ही काफी नहीं है, बल्कि नैतिक और आध्यात्मिक शिक्षा भी उतनी ही आवश्यक है।

उन्होंने राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास कराते हुए बताया कि ध्यान के माध्यम से मन को शांत और शक्तिशाली बनाया जा सकता है। बच्चों को परमात्मा शिव बाबा से संबंध जोड़कर जीवन में सकारात्मकता, अनुशासन और आत्मविश्वास पैदा करने की प्रेरणा दी गई। शिविर की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बीके प्रियांशु बहन ने बताया कि तीन दिनों तक चले इस कैम्प में बच्चों को नेतृत्व क्षमता, योग और सकारात्मक सोच का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान आयोजित विभिन्न ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं, बीके अरविंद भाई ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि परमात्मा के ज्ञान और योग से मिलने वाली शक्तियों के सहारे जीवन की हर चुनौती का सामना विवेक के साथ किया जा सकता है। अभिभावकों ने इस आयोजन को बेहद उपयोगी बताते हुए भविष्य में भी ऐसे संस्कार आधारित शिविर आयोजित करने की मांग की। कार्यक्रम को सफल बनाने में बीके प्रिया, बीके अर्जुन, बीके अनुराग और बीके आराध्य सहित कई भाई-बहनों का सराहनीय योगदान रहा।

# सुरक्षित मातृत्व अभियान के 10 वर्ष पूरे, अनुमंडल अस्पताल में विशेष शिविर आयोजित



**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** स्थानीय मढ़ौरा अनुमंडल अस्पताल में मंगलवार को सुरक्षित मातृत्व अभियान के दसवीं वर्षगांठ पर विशेष शिविर आयोजित किया गया। जिसने गर्भवती महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से निःशुल्क जांच और उन्हें पौष्टिक आहार भी वितरित किया गया। विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र की भारी संख्या में गर्भवती महिलाओं ने हिस्सा लिया। शिविर के संबंध में जानकारी देते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. वीरेश कुमार ने बताया कि इस अभियान के तहत प्रत्येक माह की 9 तारीख को गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य का विशेष परीक्षण किया जाता है। योजना के 10 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आज विशेष रूप से उत्साह के साथ अस्पताल कर्मी शिविर में तत्पर है। कैंप में पहुंची महिलाओं की जांच विशेषज्ञ महिला चिकित्सकों द्वारा की गई। इस दौरान महिलाओं के विभिन्न आवश्यक ब्लड टेस्ट, यूरिन टेस्ट और मुफ्त अल्ट्रासाउंड भी किए गए ताकि गर्भ में पल रहे बच्चे और मां की सेहत की सही स्थिति का पता चल सके। डॉ. बीरेन्द्र कुमार ने बताया कि इस अभियान को सफल बनाने में आशा कार्यकर्ताओं का बड़ा योगदान रहा, जो ग्रामीण और आस-पास के क्षेत्रों से गर्भवती महिलाओं को प्रेरित कर अस्पताल के जांच शिविर तक लेकर आईं। अस्पताल प्रबंधन की ओर से शिविर में आई सभी गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष नाश्ते की व्यवस्था की गई थी।

इसके तहत महिलाओं के बीच सेब, केला, उबले हुए अंडे और अन्य पौष्टिक खाद्य पदार्थों का वितरण किया गया, साथ ही उन्हें डॉक्टरों द्वारा गर्भावस्था के दौरान खान-पान से जुड़े जरूरी चिकित्सकीय परामर्श और सलाह भी दी गई।

## आपसी रंजिश में दो तालाबों में कथित तौर पर जहर डाल दिए जाने से लाखों रुपये की मछलियां मरी

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** आपसी रंजिश के कारण दो तालाबों में कथित तौर पर जहर डाल दिए जाने से लाखों रुपये की मछलियों की मौत का मामला सामने आया है। घटना प्रखंड क्षेत्र के पोझी चंवर की है, जहां मंगलवार की सुबह तालाब के पानी पर भारी मात्रा में मरी हुई मछलियां उपलाते पाई गई। पीड़ित मछली पालक भलुई



निवासी अखिलेश राय की पत्नी ललिता देवी हैं। उन्होंने बताया कि मत्स्य विभाग के सहयोग से पोझी चंवर में उनके सात तालाबों में मछली पालन का कारोबार चलता है। उनका आरोप है कि सोमवार की रात गांव के ही कुछ लोगों ने आपसी दुश्मनी के चलते उनके दो तालाबों में जहरीला पदार्थ डाल दिया। इस घटना में लगभग 30 लाख रुपये की तैयार मछलियां मर गई हैं। पीड़िता ने गांव के ही रामशरण राय सहित सात लोगों पर इस साजिश का आरोप लगाया है। घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस और जिला मत्स्य विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही मढ़ौरा अपर थानाध्यक्ष रितेश मंडल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच की। इसके साथ ही जिला मत्स्य विभाग की एक विशेष टीम ने भी घटनास्थल का दौरा किया और पानी व मरी हुई मछलियों के सैंपल जांच के लिए ले गए हैं। पुलिस का कहना है कि मामले की छानबीन की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## लहलादपुर में राजद का एक दिवसीय धरना, महंगाई-बेरोजगारी के खिलाफ उठाई आवाज



**दैनिक खोज खबर /लहलादपुर(सारण)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड कार्यालय परिसर में सोमवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के बैनर तले एक दिवसीय धरना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। धरना का नेतृत्व राजद किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष रामाशीष यादव ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में राजद नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। धरना को संबोधित करते हुए नेताओं ने बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी तथा किसानों की समस्याओं को लेकर केंद्र और राज्य की एनडीए सरकार की नीतियों की आलोचना की। वक्ताओं ने कहा कि महंगाई लगातार बढ़ रही है, जिससे आम लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। युवाओं को रोजगार नहीं मिलने से उनमें निराशा बढ़ रही है। सरकार को जनहित के मुद्दों पर गंभीरता से काम करने की आवश्यकता है।धरना कार्यक्रम के उपरांत राजद नेताओं के एक शिष्टमंडल ने प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) को विभिन्न मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा।

## भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय मयूख ने हरिहरनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय मयूख ने विधान परिषद चुनाव के नामांकन की स्क्रूटनी से पहले अपनी पत्नी के साथ विश्व प्रसिद्ध हरिहरनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने बाबा हरिहरनाथ का आशीर्वाद लेकर बिहार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।



## अलग-अलग कांडों में चार ने किया न्यायालय में आत्मसमर्पण

**सिवान।** जिला पुलिस की दबिश एवं लगातार छापेमारी के कारण जिलान्तर्गत दर्ज विभिन्न कांडों के चार अभियुक्तों ने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया है। पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने बताया कि अपराध नियंत्रण एवं बेहतर विधि-व्यवस्था संधारण हेतु कांडों में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बसंतपुर थाना कांड संख्या 338/18, चुराई हुई संम्पति में वांछित अभियुक्त सह सिपाह निवासी अशरफ अंसारी, बसंतपुर थाना कांड संख्या-750/24, एससीएसटी एक्ट में वांछित अभियुक्त लकड़ीनवीगंज थाना क्षेत्र के नरहरपुर निवासी वजरंगवली सिंह, मैरवा थाना कांड संख्या 250/26 हत्या में वांछित अभियुक्त सह फंचुहा निवासी हरेराम चौधरी व दारौंदा थाना कांड संख्या 163/20, हत्या का प्रयास में वांछित अभियुक्त सह जलालपुर निवासी पवन कुमार महतो ने सोमवार को न्यायालय में आत्मसमर्पण किया है।

## दो कार से भारी मात्रा में शराब बरामद, चार तस्कर गिरफ्तार

**परवेज़ अख़्तर/सीवान।** उत्पाद विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सुता फैक्ट्री चौराहा के समीप वाहन जांच कर दो कार से भारी मात्रा शराब बरामद कर चार तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार हरियाणा राज्य के रोहतक जिला के महेम थाना क्षेत्र के अजायब निवासी दीपक, अशोक व हांसी जिला के आसिय थाना क्षेत्र के महेंद्रा निवासी मनजीत, मनीष है। टीम पूछताछ कर आगे की कार्रवाई में जुट गई। इस संबंध में उत्पाद इंस्पेक्टर अंकेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि दो कार से भारी मात्र में शराब आ रही है। सूचना पर एक टीम का गठन कर सुता फैक्ट्री मोड़ के समीप में वाहन जांच की गई। जांच के दौरान दो कार आती दिखी जिसे रोकने का प्रयास किया लेकिन चालक गाड़ी लेकर भागने लगा। जिसे बल की मदद से पकड़ लिया गया। जब्त पहली कार से 324.000 लीटर शराब व दूसरी कार 276.625 लीटर शराब बरामद हुई। वहीं चार तस्कर को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में गिरफ्तार तस्करों ने कुछ लोगों का नाम बताया है। गिरफ्तार तस्करों की निशानदेही पर अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी हो रही है। बताया कि दोनों कार से शराब सिवान जिला होते हुए अन्य जिलों में शराब ले जाई जा रही थी। इसमें अलग-अलग कंपनी की शराब है।

## मई में 2.30 लाख से अधिक राशि पीड़ितों को कराई गई रिफंड

**सिवान।** साइबर थाना की टीम में साइबर अपराध पर कार्रवाई करते हुए मई में 2.30 लाख से अधिक राशि पीड़ितों को वापसी कराई है। इससे पीड़ितों में खुशी है तो वहीं दूसरी तरफ पीड़ितों ने टीम को बधाई भी दी है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने बताया कि साइबर थाना द्वारा साइबर अपराध के पीड़ितों को राहत प्रदान करने हेतु लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। एक से 31 मई तक कुल 37, 52, 376 राशि होल्ड कराई गई। वहीं विभिन्न मामलों में पीड़ितों के खातों में कुल दो लाख तीस हजार 880 रुपया की राशि सफलतापूर्वक रिफंड कराई गई। साइबर थाना की त्वरित कार्रवाई एवं संबंधित बैंकों के समन्वय से 12 पीड़ितों को उनकी ठगी गई राशि वापस दिलाई गई। बताया कि तारकेश्वर राजभर 56,861 रुपया, बेबी सिंह 49,000 रुपया, कृष्ण यादव तीस हजार रुपया, सुधीर कुमार शर्मा 26,786, सुरेश सिंह 25 हजार रुपया, अतीउल्लाह 11,424 रुपया, मोहित कुमार दस हजार रुपया, चंदन कुमार गुप्ता सात हजार रुपया, दीपक कुमार सिंह पांच हजार रुपया, संदीप कुमार चार हजार रुपया, प्रियांशु कुमार दुबे 3409 रुपया, रमेश कुमार पांडेय 24 सौ रुपया रिफंड हुआ है।

## बुलेट व बाइक की टक्कर में युवक घायल, रेफर

**दारौंदा (सिवान)।** दारौंदा थाना क्षेत्र के एनएच-531 पर गैस एजेंसी के समीप मंगलवार को बुलेट और बाइक की आमने-सामने की टक्कर में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। आसपास के स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल को इलाज के लिए दारौंदा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घायल की पहचान गोपालगंज जिले के थावे थाना क्षेत्र अंतर्गत ज्ञानधर टोला निवासी जैकी पांडेय के रूप में हुई है। बताया जाता है कि जैकी पांडेय बाबा महेंद्रनाथ धाम में पूजा-अर्चना कर अपने घर लौट रहे थे, तभी गैस एजेंसी के समीप उनकी बाइक की बुलेट से टक्कर हो गई। घटना की सूचना मिलने पर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## अनुमंडलीय अस्पताल में गर्भवती महिलाओं की एनसी जांच

**महाराजगंज (सिवान)।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान को दस वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मंगलवार को अनुमंडलीय अस्पताल में विशेष सुविधा के साथ क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं का एनसी चेकअप किया गया।उपाधीक्षक डा. सुमित कुमार के निर्देशन में प्रसूति एवं महिला विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कौमुदी राज के द्वारा किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में डा कुमार अमन मूर्छक, डा सौरभ कुमार, डा नुरुल हक, डा रितेश कुमार, डा राजन कुमार , चंदन कुमार प्रबंधक , देवेंद्र सिंह बघेल सलाहकार, ममता कुमारी, कविता कुमारी सहित आशा शामिल हुई।

## अनुमंडल शहरी क्षेत्र में हटाया गया अतिक्रमण

**महाराजगंज (सिवान)।** नगर पंचायत प्रशासन ने मंगलवार को अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बुलडोजर चलाकर सड़क और नाला पर किए गए अतिक्रमण को हटाया। नगर कार्यपालक पदाधिकारी (ईओ) डा. विपिन कुमार के नेतृत्व में नगर पंचायत कर्मियों की इस कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया। नगर पंचायत क्षेत्र में पहली बार था जब बुलडोजर के माध्यम से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। नगर प्रशासन की टीम ने पुलिस बल के साथ मिलकर शहर के बोर्ड मिडिल स्कूल, सुमन चौक, शहीद स्मारक चौक, नया बाजार और बाटा मोड तक सड़क किनारे तथा नालों के ऊपर किए गए अस्थायी और स्थायी अतिक्रमण को हटाया। कार्रवाई के दौरान कई दुकानदारों ने स्वयं ही अपना सामान हटा लिया, जबकि कुछ स्थानों पर बुलडोजर से अतिक्रमण तोड़ा गया। ईओ ने बताया कि मानसून के दौरान जलजमाव की समस्या से निपटने के लिए नालों की उड़ाही और जल निकासी व्यवस्था को सुचारु बनाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नगर क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा और सड़क, नाला तथा सरकारी भूमि पर कब्जा करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की इस कार्रवाई को लेकर आम लोगों ने संतोष व्यक्त किया।

# दो सीएसपी लूटकांड का उद्भेदन, हथियार बरामद

**परवेज़ अख़्तर/सीवान।** लकड़ीनवीगंज एवं बसंतपुर सीएसपी लूटकांड का पुलिस ने उद्भेदन करते हुए दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बसंतपुर थाना क्षेत्र के शेखपुरा निवासी साजिद अली व गौलनापुर निवासी आनंद कुमार है। इनके पास से पुलिस ने एक पिस्टल, पांच गोली, एक बाइक, चार मोबाइल, दस हजार रुपया नकद व एक काले रंग का बैग बरामद हुआ है।

गिरफ्तार अभियुक्त आनंद कुमार एक सीएसपी संचालक है, जो लूट की घटनाओं में लाइनर के रूप में कार्य करता था और इसके एवज में लूटी गई राशि का लगभग तीस प्रतिशत कमीशन प्राप्त करता था। इस संबंध में समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय में प्रेसवार्ता करते पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने बताया कि 17 अप्रैल को लकड़ीनवीगंज थाना क्षेत्र में स्टेट बैंक सीएसपी संचालक से लूट की घटना घटित हुई थी। इस संबंध में प्राप्त लिखित आवेदन के आधार पर लकड़ीनवीगंज थाना द्वारा कांड दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। घटना के



उद्भेदन, अपराधियों की गिरफ्तारी एवं लूटी गई राशि की बरामदगी हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी महाराजगंज के नेतृत्व में एसआइटी टीम का गठन किया गया। अनुसंधान के क्रम में प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर नौ जून को वाहन जांच अभियान के दौरान मदारपुर गांव से इस कांड में संलिप्त अभियुक्त साजिद अली को गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ के दौरान गिरफ्तार अभियुक्त ने स्वीकार किया कि वह अपने सहयोगियों के साथ मिलकर लूट की घटनाओं को अंजाम देता है। उसने 17 अप्रैल को लकड़ी नवीगंज तथा एक जून को बसंतपुर में सीएसपी संचालकों से लूट की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की।

एसपी ने बताया कि तकनीकी गिरफ्तार अभियुक्त की निशानदेही, बैंक के सीसी कैमरा के तकनीकी विश्लेषण एवं तकनीकी अनुसंधान के आधार पर कांड में संलिप्त दूसरे अभियुक्त आनंद कुमार को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। इनके पास से दो मोबाइल एवं दस हजार नकद राशि बरामद किया गया है। उल्लेखनीय है कि आनंद कुमार स्वयं एक सीएसपी का संचालक है। वहीं एसपी ने बताया कि सीसी कैमरा के अवलोकन मैं अभियुक्त आनंद कुमार दोनों लूटकांड में बैंक में वादी के आस-पास दिखाई दे रहा है। लकड़ीनवीगंज लूट कांड का तीस प्रतिशत कमीशन प्राप्त हो चुका है। जब लकड़ीनवीगंज के बाद यह नहीं पकड़ाय तो इसने बसंतपुर घटना को अंजाम दिया। इस संबंध में प्राप्त तथ्यों का सत्यापन एवं आर्थिक लेन-देन की जांच हेतु अभियुक्त के बैंक खातों का विस्तृत जांच की जा रही है।

छापेमारी में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी महाराजगंज अमन, बसंतपुर थानाध्यक्ष राजू कुमार, लकड़ीनवीगंज थानाध्यक्ष सविता कुमारी, भगवानपुरहाट थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह, एसटीएफ व जिला आसूचना ईकाई की टीम शामिल रही ।

## मोबाइल चोरी कर भाग रहे दो चोर गिरफ्तार

**परवेज़ अख्तर/सीवान।** आरपीएफ व जीआरपी की टीम संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए यात्री का मोबाइल चोरी कर भाग रहे दो चोरों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार साहेबगंज (झारखंड ) जिला के राजमहल थाना क्षेत्र के बाबूपुर निवासी विकास महतो व तीन पहाड़ थाना क्षेत्र के शिवा पहाड़ निवासी चंदन राय है। जिनसे पूछताछ के बाद आगे की कार्रवाई हेतू जीआरपी को सुपुर्द कर दिया गया। इस संबंध में आरपीएफ इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव ने बताया कि वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त वाराणसी के दिशा



निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक के सुपरविजन में जीआरपी, सीपीडीएस टीम, आरपीएफ द्वारा प्लेटफार्म नंबर दो पर गश्त व आपराधिक गतिविधि निगरानी कर रहे थे। इसी दौरान एक महिला रेल यात्री सह एमएच नगर थाना क्षेत्र के करमासी निवासी आसिया बेगम के पास से मोबाइल लेकर भागते हुए दो चोरों को गिरफ्तार किया गया। इन दोनों का छपरा -गोरखपुर के मध्य रेलवे स्टेशन और रेल गाड़ियों में घूम-घूमकर रेल यात्रियों कि कीमती सामानों की चोरी करना काम है।बरामद मोबाइल की कीमत साठ हजार रुपया है।

छापेमारी टीम में पुअनि संजय कुमार राम, सअनि नंद किशोर सिंह, सअनि शैलेंद्र कुमार पांडेय, हेड कांस्टेबल धर्म प्रकाश मिश्रा, कांस्टेबल विनोद कुमार वर्मा, कांस्टेबल विजय कुमार यादव आदि शामिल थे।

## आम तोड़ने से मना करने पर मारपीट में तीन महिलाएं घायल

**सिवान।** भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र के सोंधानी गोवासी टोला गांव में मंगलवार को कच्चा आम तोड़ने से मना करने पर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में एक पक्ष की तीन महिलाएं घायल हो गईं । घायलों में एक महिला की स्थिति गंभीर होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल सिवान रेफर कर दिया । घायलों में गौतमी कुंवर, ममता देवी एवं खुशबू कुमारी शामिल हैं।घायल महिलाओं के अनुसार गांव के रुपेश कुमार, अनुपम कुमार एवं अमित कुमार उनके आम के पेड़ से कच्चा आम तोड़ रहे थे । जिसका उक्त महिलाओं द्वारा विरोध करते हुए आम तोड़ने से मना किया गया इसके बाद विवाद बढ़ गया और मारपीट हो गई इसमें तीनों महिला घायल हो गईं । सभी घायलों को सीएचसी लाया गया । जहां से ममता देवी को सदर अस्पताल सिवान रेफर कर दिया गया है।थाना क्षेत्र के सोंधानी गोवासी टोला गांव में मंगलवार को कच्चा आम तोड़ने से मना करने पर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में एक पक्ष की तीन महिलाएं घायल हो गईं । घायलों में एक महिला की स्थिति गंभीर होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल सिवान रेफर कर दिया। बताया जाता है कि गौतमी कुंवर, ममता देवी एवं खुशबू कुमारी अपने घर के पास थीं. घायल महिलाओं के अनुसार गांव के ही रुपेश कुमार, अनुपम कुमार एवं अमित कुमार उनके आम के पेड़ से कच्चा आम तोड़ रहे थे।

## आंबेकर नगर में एक ही रात दो घरों में चोरी, पुलिस जांच में जुटी

**परवेज़ अख़्तर/सीवान।** बड़हरिया थाना क्षेत्र के लकड़ी दरगाह स्थित आंबेडकर नगर में अज्ञात चोरों ने दो घरों को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये मूल्य की नकदी, आभूषण और अन्य सामान की चोरी कर ली। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार, अंबेडकर नगर निवासी सुखीराम के पुत्र एवं शिक्षक मेघनाथ राम तथा प्रेमचंद राम रविवार को अपने घर में ताला बंद कर बसंतपुर स्थित बहन के यहां शादी समारोह में शामिल होने गए थे। इसी दौरान सोमवार की रात चोरों ने उनके घर को निशाना बनाया। चोर छत पर चढ़कर एल्बेस्टस तोड़ते हुए ऊपर के गेट से घर के आंगन में उतरे और चार कमरों का ताला काट दिया।

चोरों ने घर से सोने के आभूषण, कीमती कपड़े, तांबे के बर्तन, एक लाख रुपये नकद, सऊदी अरब की मुद्रा 1500 रियाल, एक कीमती सोने का हार सहित करीब 3.50 लाख रुपये मूल्य की संपत्ति चोरी कर ली और फरार हो गए। इसी रात चोरों ने गांव की सुनीता देवी के घर को भी निशाना बनाया। चोर मुख्य गेट खोलकर घर में घुसे और एक कमरे से 10 हजार रुपये नकद तथा सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए। घटना की सूचना मिलने पर डायल 112 पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। इसके बाद एसआई हारून रशीद खान एवं एसआई गुड्डू कुमार ने भी पहुंचकर चोरी की घटनाओं की जांच-पड़ताल की तथा पीड़ित परिवारों से जानकारी ली। वही थाना क्षेत्र में लगातार अलग अलग जगहों पर चोरी की घटना से ग्रामीणों में दहशत का माहौल कायम हो गया है। थानाध्यक्ष छोटन कुमार ने बताया कि पीड़ितों से आवेदन प्राप्त होते ही प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि चोरी की घटनाओं को देखते हुए क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है तथा मामले की जांच जारी है।

## एसपी ने क्राइम मीटिंग में कई पदाधिकारी को लगाई फटकार

**परवेज़ अख़्तर/सीवान।** समाहरणालय स्थित सभागार में मंगलवार की देर शाम पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने पुलिस पदाधिकारियों के साथ क्राइम मीटिंग की। क्राइम मीटिंग में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों के थानाध्यक्षों और पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया। एसपी ने क्राइम मीटिंग में कई पदाधिकारी को फटकार लगाई। बैठक के दौरान क्षेत्र में अपराध की स्थिति, लंबित मामलों, अनुसंधान की प्रगति व पुलिसिंग व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा की गई। वहीं बड़हरिया थानाध्यक्ष छोटन कुमार को एसएचओ आफ मंथ घोषित किया गया। जबकि एक माह में अधिक मामलों का निष्पादन करने पर नगर थाना के एएसआई अमित कुमार राम को पुरस्कृत किया गया। एसपी ने अपराध नियंत्रण और जनता के बीच पुलिस की सकारात्मक छवि स्थापित करने को लेकर कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। शराब कारोबारी की सूची तैयार करने और उनके खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया। क्राइम मीटिंग के दौरान एसपी ने लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन पर विशेष बल दिया। उन्होंने लूट, हत्या, अपहरण, दुष्कर्म और पाक्सो अधिनियम से जुड़े मामलों की समीक्षा करते हुए सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि लंबित मामलों में जल्द से जल्द आरोप पत्र न्यायालय में समर्पित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनता से जुड़े मामलों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और निर्धारित समय सीमा के भीतर मामलों का निष्पादन सुनिश्चित करना होगा। बैठक में साइबर अपराध, महिला सुरक्षा, चोरी, लूट व अन्य आपराधिक घटनाओं की भी समीक्षा की गई। बैठक में सदर एसडीपीओ अजय कुमार सिंह, महाराजगंज एसडीपीओ अमन, मैरवा एसडीपीओ गौरी कुमारी, साइबर डीएसपी, नगर थाना इंस्पेक्टर अविनाश कुमार, महादेव थानाध्यक्ष विनीत विनायक, मुफसिल थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह आदि शामिल थे।

## राज्य स्तरीय ताईक्वांडो प्रतियोगिता में सिवान टीम ने जीते सात पदक

**सिवान।** भभुआ में पांच से सात जून तक आयोजित तीन दिवसीय 37 वीं बिहार राज्य ताईक्वांडो प्रतियोगिता में सिवान जिला टीम ने दो स्वर्ण, दो रजत व चार कांस्य पदक सहित कुल सात मेडल जीत जिले का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में सिवान जिला संघ से सात खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा दिखाई।यह जानकारी देते हुए राष्ट्रीय रेफरी व जिला सचिव डा. सुनील कुमार ने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ी आगामी होने वाले राष्ट्रीय ताईक्वांडो प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए चयनित किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि जूनियर वर्ग में अक्षरा व सीनियर वर्ग में घनिष्ठा कुमारी ने रजत पदक जीता है, वही सीनियर वर्ग में ज्योति कुमारी ने स्वर्ण पदक एवं 54 किलो वर्ग में सृष्टि कुमारी ने स्वर्ण पदक जीती है, बाक़ी शेष तीन खिलाड़ियों ने कांस्य पदक जीत सिवान जिले का मान बढ़ाया है। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष सोनू कुमार एवं संरक्षक आजम अली एवं मीडिया प्रभारी सचिन कुमार पर्वत ने विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए और आगे बढ़ने व राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर जिला व राज्य का नाम रौशन करने की कामना की।

## शराब पीने के आरोप में चार गिरफ्तार, न्यायालय भेजे गए

**सिसवन (सिवान)।** सिसवन थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर शराब पीने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार सभी आरोपितों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायालय भेज दिया गया। थानाध्यक्ष चित्ररंजन कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ लोग थाना क्षेत्र में शराब का सेवन कर रहे हैं।

## शहजाद अली हत्याकांड में फरार अभियुक्तों के घर इश्तहार चस्पा

**परवेज़ अख़्तर/सीवान।** बड़हरिया थाना कांड संख्या 230/26 के तहत शिवराजपुर गांव निवासी सज्जाद अली हत्याकांड में नामजद फरार अभियुक्तों के विरुद्ध पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। थानाध्यक्ष छोटन कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने फरार आरोपितों के घरों पर न्यायालय द्वारा निर्गत इश्तहार को ताशा और बैंड बाजे के साथ चस्पा किया। इस दौरान एसआई हारून रशीद खान, एसआई गुड्डू कुमार तथा चौकीदार ए. रहमान सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। पुलिस ने फरार अभियुक्तों को निर्धारित समय के भीतर न्यायालय अथवा पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया है। जिन अभियुक्तों के घर इश्तहार चस्पा किया गया, उनमें शिवराजपुर गांव निवासी दिना चौधरी के पुत्र रंजन चौधरी उर्फ राजन चौधरी, ड्राइवर चौधरी के पुत्र अवध किशोर चौधरी, ढोडा चौधरी के पुत्र अमित कुमार चौधरी तथा शंकर माझी के पुत्र गुड्डू माझी शामिल हैं। थानाध्यक्ष छोटन कुमार ने बताया कि न्यायालय के आदेश के आलोक में यह कार्रवाई की गई है। निर्धारित अवधि में आत्मसमर्पण नहीं करने पर फरार अभियुक्तों के विरुद्ध कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

## वृद्ध की मौत मामले ने लिया नया मोड़, पुत्र ने कराई पांच लोगों के विरुद्ध हत्या की प्राथमिकी

**परवेज़ अख़्तर/सीवान।** बड़हरिया थाना क्षेत्र के सदरपुर निवासी वीरेंद्र सिंह की संदिग्ध मौत के मामले में नया मोड़ आ गया है। मृतक के पुत्र बबलू सिंह ने अपने बड़े पापा समेत पांच लोगों के विरुद्ध हत्या की आशंका जताते हुए थाना में नामजद प्राथमिकी कराई है। इसमें सदरपुर निवासी प्रभुनाथ सिंह, सुरेश सिंह, परमेश्वर कुमार, विकास कुमार तथा मोहित कुमार को आरोपित बनाया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मृतक के पुत्र बबलू सिंह ने अपने आवेदन में बताया है कि सात जून की सुबह करीब 8:20 बजे उनके पिता वीरेंद्र सिंह अपने दरवाजे पर खड़े थे। उसी दौरान सभी आरोपित उनके दालान पर पहुंचे और उनके पिता के साथ गाली-गलौज एवं मारपीट करने लगे। विरोध करने पर उन्हें भी गालियां दी गईं। आवेदन के अनुसार, प्रभुनाथ सिंह ने उनके पिता को धमकी देते हुए कहा कि वीरेंद्र, तुम कल सुबह नहीं देखोगे, हम लोग तुम्हें ठिकाने लगा देंगे। बबलू सिंह ने आरोप लगाया है कि इसके बाद स्थिति सामान्य हो गई। रात करीब 10 बजे उनके पिता नवनिर्मित मकान पर सोने चले गए, जहां से उनका अपहरण कर लिया गया। उन्होंने बताया कि वह और उनकी छोटी बहन रातभर अपने पिता की तलाश करते रहे, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। अगले दिन सुबह उनके पिता का शव गांव के पश्चिम नहर किनारे स्थित बगीचे में आम के पेड़ से लटका हुआ मिला। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि नामजद लोगों ने साजिश के तहत उनके पिता की हत्या कर शव को पेड़ से लटका दिया, ताकि घटना आत्महत्या प्रतीत हो। उन्होंने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग की है। बताते चलें कि घटना के एक दिन पूर्व वीरेंद्र सिंह के परिवार में उनकी चाची के श्राद्धकर्म की विधि पूरी हुई थी। इसके अगले दिन सोमवार की सुबह गांव के पश्चिम स्थित नहर किनारे बगीचे में आम के पेड़ से उनका शव लटका हुआ बरामद किया गया था, जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई थी। इस संबंध में थानाध्यक्ष छोटन कुमार ने बताया कि मृतक के पुत्र के आवेदन के आधार पर पांच लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी कर ली गई है। मामले की सभी बिंदुओं पर गंभीरता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट, वैज्ञानिक साक्ष्य एवं अन्य तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई होगी।

## संगठित होकर अपनी लड़ाई लड़ेंगे नपं कर्मी व ठेका मजदूर

**मैरवा (सिवान)।** मैरवा नगर पंचायत परिसर में मंगलवार को बिहार राज्य स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ (ऐक्टू) का नगर पंचायत सम्मेलन आयोजित कर कर्मचारी हितों की रक्षा और विभिन्न मांगों को लेकर संघर्ष तेज करने का निर्णय लिया गया। सम्मेलन के दौरान कर्मचारी संगठन की नगर पंचायत इकाई का गठन किया गया।जीशू अंसारी को अध्यक्ष, अजय कुमार को सचिव और शंकर कुशवाहा को सह सचिव चुना गया। संबोधित करते हुए अमित कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में सरकार द्वारा मजदूर विरोधी कानून लागू किए जा रहे हैं। ठेका प्रथा के नाम पर मजदूरों का शोषण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे दौर में मजदूरों का संगठित होना और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि मजदूरों को समय पर मजदूरी नहीं मिल रही है। अपने हक की मांग करने पर उन्हें दमन का सामना करना पड़ रहा है। लंबे समय से कार्यरत कर्मियों को स्थायी करने के बजाय सरकार उन्हें ठेका प्रथा के दायरे में धकेल रही है, जिससे शोषण और भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मजदूरों को अपने अधिकारों के लिए संगठित होकर संघर्ष करना होगा।उन्होंने नई कमेटी के गठन का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि नई कमेटी मजदूरों के हक-अधिकारों की लड़ाई को और मजबूती प्रदान करेगी।